जागरण

# Lockdown-3 Crime : बरेली में घर के अंदर यूरिया व केमिकल से बना रहा था शराब पकड़ा गया ठेकेदार Bareilly News

Publish Date:Wed, 06 May 2020 06:37 PM (IST)



प्रेम नगर की जनकपुरी में शराब ठेकेदार घर में यूरिया व केमिकल से नकली शराब बना रहा था।

**बरेली, जेएनएन ।** प्रेम नगर की जनकपुरी में शराब ठेकेदार घर में यूरिया व केमिकल से नकली शराब बना रहा था। आरोपित के घर में भारी मात्रा में यूरिया मिश्रित नकली शराब ब्रांडेड शराब की खाली व भरी बोतलें क्यू आर कोड, केमिकल, 59 हजार ढक्कन, 72 बोतल अंग्रेजी शराब, 29 हाफ बोतल, 112 क्वाटर मिले हैं।

जनकपुरी निवासी रजनीश श्रीवास्तव की बहेड़ी में देसी व अंग्रेजी शराब की दुकान और सिविल लाइंस में एक रेस्टोरेंट है।पुलिस ने राजनीश श्रीवास्तव, विष्णु धाम निवासी मोहित कुमार, काकरटोला निवासी जुबेर अहमद, सीबी गंज निवासी धर्मेंद्र, इज्जत नगर निवासी सोनू, प्रेम नगर निवासी अरविंद, मिनी बाईपास निवासी रिजवान हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया।

Posted By: **Ravi Mishra**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/bareilly-city-contractor-was-caught-making-liquor-from-urea-and-chemical-inside-the-house-in-bareilly-20248603.html